महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर केन्द्र व यूपी की सरकार को भेजे पोस्टकार्ड।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड पूरे देश में बेरोजगारी दर के मामले में अव्वलः धस्माना

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार के शासनकाल में राज्य में महंगाई, विकास, शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य सेवाओं आदि में बेशक उत्तराखंड फिसड्डी साबित हो रहा हो किन्तु एक ताजा सर्वेक्षण में उत्तराखंड पूरे देश में बेरोजगारी दर के के मामले में अव्वल आया है यह राज्य सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी द्वारा करवाये गए राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर में 22.3 प्रतिशत दर दर्ज कर उत्तराखंड ने पहला स्थान दर्ज किया है।

### नाराज कर्मचारियों ने प्रदेश भर के सभी डिपो पर किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। पिछले पांच माह से रोड़वेज कर्मचारियों को वेतन न मिलने के कारण नाराज कर्मचारियों ने प्रदेश भर के सभी डिपो पर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया यहां हरिद्वार रोड स्थित रोडवेज वर्कशाप डिपो पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े हुए कर्मचारी इकटठा हुए और वहां पर अपनी मांगों के समाधान के लिए प्रदेश सरकार व विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया और कहा कि आज तक वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है जिससे कर्मचारियों में रोष बना हुआ है।

### आयुष चिकित्सा पद्धति की देश मे छवि धूमिल होती जा रही हैः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता व महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा है कि उत्तराखंड अजब गजब प्रदेश जो फर्जीवाड़ा और घोटालों का प्रदेश आयुष में बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड में पिछले कई माह से अनियमित कार्यों और आयुष चिकित्सकों के हितो के विरोध में जो कार्य किये जा रहे हैं उससे आयुष चिकित्सा पद्धति की देश मे छवि धूमिल होती जा रही है।

### सैनी ने उद्योग में कायम की नई मिसाल

**संवादाता** हल्द्वानी। सैनी इंडिया, निर्माण उपकरण और हैवी मशीनरी के अग्रणी निर्माता ने उद्योग में एक अनुकरणीय शुरुआत करते हुए एक नया उदाहरण स्थापित किया है। कंपनी ने अपने सहयोगियों को आसानी से महामारी से पार पाने में मदद करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। सैनी इंडिया ने डीलर पार्टनर्स के लिए नकदी प्रवाह को बनाए रखने और बेहतर बनाने के लिए कई नई पहल लागू करके अपने सभी 35 डीलरों को चुनौतीपूर्ण दौर में मदद की।

# सीएम ने की राज्य महिला आयोग में तीन उपाध्यक्षों की नियुक्ति

**तोहफा**

■ नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं का राज्य सरकार ने किया सम्मान

■ मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने तीन महिला कार्यकर्ताओं को दायित्व से नवाजा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने नवरात्र के अवसर पर तीन महिलाओं को दायित्व से नवाजकर तोहफा दिया है। राज्य महिला आयोग में तीन महिला कार्यकर्ताओं को दायित्व के साथ ही राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है। तीन तलाक के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाने वाली काशीपुर की महिला शायरा बानो को महिला आयोग में उपाध्यक्ष (प्रथम), रानीखेत की ज्योति शाह को उपाध्यक्ष (द्वितीय) और चमोली की पुष्पा पासवान को उपाध्यक्ष (तृतीय) बनाया गया है। शायरा बानो ने हाल ही में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। आयोग में उपाध्यक्ष के तीन पदों पर काफी समय से खाली चल रहे थे।

आपको बता दें कि तीन तलाक मामले में कानूनी लड़ाई लड़कर मिसाल पेश करने वाली उत्तराखंड के ऊधमसिंहनगर जिले की रहने वाली शायरा बानो ने 10 अक्टूबर को भाजपा में शामिल हुई थीं। इस मौके पर शायरा बानो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नीतियों से प्रेरित होकर वह पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए वह निरंतर संघर्ष करती रहेंगी।

गौरतलब है कि तीन तलाक मामले में उच्चतम न्यायालय में प्रथम याचिकाकर्ता शायरा बानो ऊधमसिंहनगर जिले के गोपीपुरा पांडे कॉलोनी (काशीपुर) की रहने वाली हैं। उन्होंने 23 फरवरी 2016 को उच्चतम न्यायालय में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। उन्होंने दृढ़ता के साथ कानूनी लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। तब से वह चर्चा में रहीं।

शायरा के सियासत में आने की चर्चा तब शुरू हुई, जब उन्होंने आठ जुलाई 2018 को प्रदेश भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अजय भट्ट से मुलाकात कर भाजपा में शामिल होने की इच्छा जताई थी। तब ये तय हुआ था कि वह दिल्ली में केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होंगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया था। लंबे इंतजार के बाद शायरा देहरादून में भाजपा में शामिल हुईं।

### शायरा बानो को भी राज्यमंत्री का दर्जा



राज्य महिला आयोग में तीन महिलाओं को उपाध्यक्ष के दायित्व के साथ ही राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है। तीन तलाक के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाने वाली काशीपुर की महिला सायराबानों को महिला आयोग में उपाध्यक्ष (प्रथम), रानीखेत की ज्योति शाह को उपाध्यक्ष (द्वितीय) और चमोली की पुष्पा पासवान को उपाध्यक्ष (तृतीय) बनाया गया है। राज्य महिला आयोग में उपाध्यक्ष के तीनों पद काफी समय से रिक्त चल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य महिला आयोग में उपाध्यक्ष के रिक्त पदों का दायित्व सौंपे जाने से राज्य में महिलाओं से सम्बन्धित मामलों एवं समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिक ब्लॉक प्रतिनिधियों के मानदेय एवं यात्रा भत्ता में वृद्धि को दी स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने पूर्व सैनिक ब्लॉक प्रतिनिधियों के मानदेय में प्रतिमाह 2000 रूपये एवं यात्रा भत्ता में प्रतिमाह 1000 रूपये की वृद्धि की स्वीकृति दी है। इससे इनके मानदेय में 40 प्रतिशत एवं यात्रा भत्ता में दुगुनी वृद्धि होगी। अब इन्हें प्रतिमाह 7000 रूपये मानदेय एवं 2000 रूपये यात्रा भत्ता मिलेगा। मानदेय एवं भत्ते में वृद्धि से प्रतिवर्ष 34 लाख रूपये से अधिक का अतिरिक्त व्ययभार बढ़ेगा। इससे पहले ब्लॉक प्रतिनिधियों को प्रतिमाह 05 हजार रूपये मानदेय एवं प्रतिमाह 01 हजार रूपये यात्रा भत्ता मिलता था। फरवरी 2014 के बाद ब्लॉक प्रतिनिधियों के मानदेय एवं यात्रा भत्ता में वृद्धि नहीं हुई थी। उत्तराखण्ड के सभी 95 ब्लॉक में पूर्व सैनिक ब्लॉक प्रतिनिधि नियुक्त हैं। ब्लॉक प्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों, दूर–दराज गांवों में वृद्ध एवं अशक्त गौरव सेनानियों से सम्पर्क करने में होने वाले व्यय एवं साधनों की कमी को देखते हुए मानदेय एवं यात्रा भत्ता बढ़ाने की मांग की जा रही थी।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां है सच्ची समाजसेवी

**सम्मान**

■ हम सब साथ हैं संस्था ने किया कोरोना वॉरियर्स को सम्मानित

देहरादून। **संवाददाता**

हम सब साथ हैं संस्था की ओर से कोरोना वॉरियर्स को सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित करते हुए उन्हें सच्चा समाजसेवी बताया। हम सब साथ हैं संस्था की ओर से नवरात्र के अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को समाज के लिए आगे आ कर कार्य करने के जज्बे को सच्ची समाज सेवा बताया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनन्द ने कहा कि नवरात्र के दिनों मे हम देवी आराधना करते है परंतु असली देवी स्वरूप तो ये आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां हैं जिन्होंने कोरोना काल में भी एक दिन भी अपने कर्तव्य से पीछे न हटते हुए अपनी जान जोखिम में डाल कर कार्य किया।



आनन्द ने कहा कि यहां पर हम बता दें कि कोरोना काल में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को कई ऐसे कार्य सौंपे गए थे जिनको करने में उन्हें खुद भी संक्रमण का खतरा हो सकता था परंतु इसके बाद भी उन्होंने सेवा का जज्बा दिखाते हुए अपना कार्य किया।

आनन्द ने कहा कि कोरोना काल जब से आरम्भ हुआ है तभी से आंगनवाड़ी सेंटर बंद हैं परंतु आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सरकार की ओर से अन्य बहुत से कार्य सौंपे गए हैं जिनमें वे आज भी जी जीन से लगी हुई हैं। उनके इसी जज्बे को देखते हुए उन्हें संस्था की ओर से कोरोना वॉरियर सम्मान से सम्मानित किय गया। साथ ही उनके सेंटर में रजिस्टर बच्चों के लिए सेरेलेक के डिब्बे भी दिए गए।

इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री, नीलम खत्री, वंदना, कमलेश पंथ, मधुबाला, तलजीत कौर आदि सहित अन्य कार्यकत्रियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में श्री आनन्द के साथ संस्था के पदाधिकारी वीर सिंह, विपिन्न खन्ना, नवीन चौहान आदि मौजूद थे।

### जनजागरूकता से ही कोविड–19 से बचाव सम्भवः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के निर्देश पर कोविड–19 लघु फिल्म प्रतियोगिता में शामिल होने की अंतिम तिथि को अब 20 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2020 कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग की अपील करते हुए कहा कि जनजागरूकता से ही कोविड–19 से बचाव सम्भव है। हालांकि कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आ रही है फिर भी आने वाले त्योहारों को देखते हुए पहले से अधिक सावधान व सतर्क रहने की जरूरत है। कोविड–19 से बचाव के अभियान को जन आंदोलन के रूप में चलाने की आवश्यकता है। महानिदेशक सूचना डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि कोविड–19 को लेकर जन जागरूकता में प्रतिभागियों की रूचि और उत्साह को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि प्रतियोगिता के लिए अब प्रविष्टियां 30 अक्टूबर तक शामिल की जायेंगी। तिथि बढ़ने से अब वह लोग भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकेंगे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।